Inland Revenue
Te Tari Taake

Business
Ngā Ūmanga

March 2022

COVID-19 ऑमिक्रॉन (Omicron) प्रकोप के दौरान आपके व्यवसाय के लिए सहायता

यह तथ्य पत्रक (Fact Sheet) बताता है कि COVID-19 Omicron प्रकोप के दौरान आपके व्यवसाय को सरकार से क्या सहायता मिल सकती है|

अपने व्यवसाय को चालू रखने के लिए धन:

सरकार ने 3 fortnightly COVID 19 Support Payments की घोषणा की है| राषिप्रत्येक भुगतान का मूल्य $4,000 है, साथ ही प्रत्येक कर्मचारी के लिए $400 (50 कर्मचारियों तक)। प्रत्येक भुगतान के लिए आपको आवेदन करना होगा|

पहला भुगतान के लिए आवेदन 28 फ़रवरी को खोले गए है । यह भुगतान प्राप्त करने के लिए, आपको यह दिखाना होगा कि 16 फरवरी 2022 और 4 अप्रैल 2022 के बीच किसी भी समय 7 दिनों की अवधि में आपकी आय 40% कम है, 2021 या 2022 में 5 जनवरी से 15 फरवरी के बीच एक सामान्य सप्ताह की तुलना में।

दूसरे भुगतान के लिए आवेदन 14 मार्च को खोले गए है । यह भुगतान प्राप्त करने के लिए, आपको यह दिखाना होगा कि 7 मार्च 2022 और 4 अप्रैल 2022 के बीच किसी भी समय 7 दिनों की अवधि में आपकी आय 40% कम है, 2021 या 2022 में 5 जनवरी से 15 फरवरी के बीच एक सामान्य सप्ताह की तुलना में।

तीसरे भुगतान के लिए आवेदन 28 मार्च को खोले जायेंगे। यह भुगतान प्राप्त करने के लिए, आपको यह दिखाना होगा कि 21 मार्च 2022 और 4 अप्रैल 2022 के बीच किसी भी समय 7 दिनों की अवधि में आपकी आय 40% कम है, 2021 या 2022 में 5 जनवरी से 15 फरवरी के बीच एक सामान्य सप्ताह की तुलना में।

अधिक जानकारी Inland Revenue वेबसाइट पर उपलब्ध होगी **ird.govt.nz/csp**

देर से किए गए कर भुगतान पर, जुर्माने और ब्याज को हटाना:

यदि आपने अपने कर का भुगतान देर से किया है, क्योंकि आप COVID-19 से प्रभावित हुए थे, तो Inland Revenue लगाये गये जुर्माना और ब्याज को हटा सकता है| यह अक्सर स्वचालित (Automatic) किया जाता है| अगर इसके बारें में कोई प्रश्न हों तो **ird.govt.nz** पर अपने myIR खाते से संदेश भेजें|

अपने कर का भुगतान करने के लिए अधिक समय:

COVID-19 प्रकोप के दौरान यदि आप समय पर अपना टैक्स नहीं भर पा रहे हैं, तो आप ज्यादा समय के साथ इसका भुगतान कर सकते हैं। इसे एक किस्त व्यवस्था (instalment arrangement) कहा जाता है, और आप इसे **ird.govt.nz** में अपने myIR खाते में स्थापित कर सकते हैं या Inland Revenue को 0800 227 774 पर कॉल करके.

यदि आप यह कहते हुए बॉक्स को चेक करते हैं कि आप महत्वपूर्ण रूप से COVID 19 से प्रभावित हैं, हम हाल के कर बिलों से ब्याज और जुर्माने के दंड हटा देंगे। ब्याज और जुर्माने को कम करने के लिए 7 अप्रैल 2024 तक कर का भुगतान किया जाना चाहिए।

यदि आपको इससे अधिक सहायता की आवश्यकता है, तो Inland Revenue से संपर्क करें। Inland Revenue लंबे भुगतान के लिए सहमत हो सकते हैं, या कुछ मामलों में कुछ करों को ख़ारिज कर सकते हैं।

कम या बिना ब्याज वाला ऋण:

यदि आपकी अभी आय साल पहले की तुलना में 30% कम होगी, तो आप सरकार की Small Business Cashflow Scheme (SBCS) ऋण प्राप्त करने में सक्षम हो सकते हैं।

यह $20,000 तक हो सकता है, साथ ही प्रत्येक पूर्णकालिक कर्मचारी (full-time employee) के लिए $1,800 भी, अधिकतम $110,000 तक।

आप उधार लेना चुन सकेंगे एक बार में संपूर्ण राशि, या 4 अलग–अलग निकासी (Withdrawal) 2023 के अंत तक।

इसे चुकाने के लिए आपके पास 5 साल हैं। पहले 2 साल नए और मौजूदा ऋण तब तक ब्याज मुक्त रहेंगे, जब तक आप ऋण की शर्तों को पूरा करते हैं। उसके बाद, ब्याज दर 3% है।

आप अधिक विवरण **ird.govt.nz/sbcs** पर प्राप्त कर सकते हैं और SBCS ऋण के लिए **ird.govt.nz** पर अपने myIR खाते से आवेदन करें|

The information in this document was current at the time of publication. Please refer to our website for the most up-to-date information.

मौजूदा ऋणों में परिवर्तन:

यदि आपके पास पहले से लोन है, तो आप कुछ और उधार लेने मे सक्षम हो सकते हैं ।

यदि आपने मौजूदा ऋण की शर्तों का पालन किया है, तो आप अतिरिक्त $10,000 टॉप–अप ऋण के लिए आवेदन कर सकते हैं । साथ ही, यदि आपने पूरी राशि उधार नहीं ली है जो आप अपने मौजूदा ऋण में सक्षम थे, तो आप इस राशि को अपने लोन में टॉप–अप कर सकते है। टॉप–अप ऋण को चुकाने के लिए एक नई 5 साल की अवधि होगी, पहले के 2 साल ब्याज मुक्त होंगे। आप पूरा उधार ले सकते हैं एक बार में, या 4 अलग–अलग निकासी (Withdrawal) में 2023 के अंत तक।

आप अधिक विवरण **ird.govt.nz/sbcs** पर प्राप्त कर सकते हैं

उन कर्मचारियों को भुगतान करने के लिए पैसा जिन्हें घर पर रहना होगा और काम नहीं कर सकते हैं:

अगर आपके कर्मचारियों को घर पर रहना है और काम नहीं कर सकते हैं क्योंकि वे COVID 19 के परिणाम की प्रतीक्षा कर रहे हैं या आत्म–पृथक (self-isolate) होना है तो आप अपनी सहायता के लिए भुगतान प्राप्त कर सकते हैं, जो उन्हें भुगतान करने के लिए आपकी सहायता करेगा। इन्हें शॉर्ट–टर्म अनुपस्थिति भुगतान (Short-Term Absence Payment) और छुट्टी सहायता योजना (Leave Support Scheme) कहा जाता है।

अधिक जानकारी प्राप्त करें **workandincome.govt.nz**